रजि० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 412] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, सितम्बर 13, 2007/भाद्र 22, 1929
No. 412] NEW DELHI, THURSDAY, SEPTEMBER 13, 2007/BHADRA 22, 1929

वित्त मंत्रालय

(राजस्व विभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 13 सितम्बर, 2007

1/2007-नार्कोटिक्स नियंत्रण-1

**सा.का.नि. 590(अ).**—स्वापक औषधि एवं मन:प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 के नियम 8 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार, एतद्द्वारा, पहली अक्तूबर, 2007 को आरंभ होने वाले और 30 सितम्बर, 2008 को समाप्त होने वाले अफीम फसल वर्ष के दौरान केन्द्र सरकार के कारण अफीम पोस्त लाइसेंसों की मंजूरी हेतु नीचे विनिर्दिष्ट सामान्य शर्तें अधिसूचित करती हैं :

## 1. खेती करने के स्थान

किसी भी ऐसे भूखंड में पोस्त की खेती के लिए लाइसेंस दिया जा सकता है जिसे केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में अधिसूचित किया जाए।

## 2. कृषि हेतु पात्रता

इस अधिसूचना के खण्ड 3 और 7 के अध्यधीन निम्नलिखित अफीम पोस्त की खेती के लाइसेंस हेतु पात्र होंगे -

i. वे किसान जिन्होंने फसल वर्ष 2006-07 के दौरान अफीम पोस्त की खेती की थी और मध्य प्रदेश तथा राजस्थान राज्यों में औसतन अफीम की उपज कम से कम 56 किलोग्राम प्रति हैक्टेयर तथा उत्तर प्रदेश में 49 किलोग्राम प्रति हैक्टेयर की औसत अफीम उपज सौंपी है।
ii. किसान जिन्होंने इस संबंध में प्रावधानों के अनुसार केन्द्रीय स्वापक ब्यूरो की देखरेख में फसल वर्ष 2006-07 के दौरान अपनी संपूर्ण पोस्त की फसल को नष्ट किया हो लेकिन जिन्होंने इसी तरह वर्ष 2005-06 के दौरान भी अपनी संपूर्ण पोस्त फसल नष्ट नहीं की हो।

